# व्यवसाई पर फायरिंग के विरोध में बंद रहे जौरा के बाजार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 28 अगस्त।** बीते दिनों कस्बा जौरा में व्यवसाई पर फायरिंग की घटना के विरोध में गुरूवार को व्यापारियों ने अपने



**एसडीओपी ने दिया 5 दिन में गिरफ्तारी का आश्वासन**

प्रतिष्ठान बंद रखे। बाजार बंद की सूचना मिलने के बाद एसडीओपी व्यापारियों के बीच पहुंचें, उन्होंने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विधायक पंकज उपाध्याय, पूर्व विधायक महेशदत्त मिश्रा को फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को 5 दिन में गिरफ्तार किए जाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान खोल लिए।

विधायक श्री उपाध्याय एवं पूर्व विधायक महेशदत्त मिश्रा के नेतृत्व में गुरूवार की सुबह 7 बजे से ही अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखते हुए व्यापारी गांधी वाचनालय पर एकत्रित होना शुरू हो गए थे। व्यापारियों का कहना था कि लगातार मारपीट, फायरिंग की घटनाओं से व्यवसाई भय व दहशत के माहौल में है। मौके पर पहुंचें एसडीओपी ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि दहशत फैलाने वाले बदमाशों को 5 दिन में गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

उन्होंने सरिया व्यापारी के प्रतिष्ठान पर फायरिंग करने वाले नकाबपोश बदमाशों की पहचान जल्द करने का आश्वासन भी दिया। जिसके बाद व्यापारियों ने विरोध को खत्म करते हुए अपने प्रतिष्ठान खोल लिए। विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि पुलिस की निष्क्रियता से अपराधी बेखौफ होकर वारदात कर रहे है। उन्होंने पुलिस पर शराब, जुआ, सट्टे के कारोबार को संरक्षण देने के आरोप भी लगाए।

विरोध प्रदर्शन में अशोक गर्ग, जगदीश शुक्ला, आनंद प्रकाश गर्ग, बृजेश गोयल, गणेशराम गोयल, सूर्यनारायण जैन, राजेश सिंघल, राजू मंत्री, मनोज अग्रवाल, अनिल मंगल, बृजमोहन, विपिन कुमार आदि शामिल थे।

# सीईओ भार्गव के नवाचार बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अगस्त।** जिला पंचायत मुरैना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कमलेश

**दतिया में सीईओ रहते नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किए थे नवाचार**



कुमार भार्गव द्वारा वर्ष 2023-24 में जिला दतिया में अपने कार्यकाल के दौरान नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न नवाचारों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र को नशा मुक्त बनाने के लिए आमजन को जागरुक बनाने का कार्य किया था। सीईओ श्री भार्गव के इन नवाचारों को बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन में स्थान दिया गया है। यह उपलब्धि जिपं सीईओ श्री भार्गव के साथ मध्यप्रदेश ही नहीं पूरे देश के लिए गर्व का झण है। श्री भार्गव के अभिनव प्रयासों से जनजागरूकता में जो व्यापक प्रभाव उत्पन्न हुआ, उसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए कमलेश कुमार भार्गव को प्रदेशवासियों एवं जिले के नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं है।

# स्कूल से बच्चों को लेने जा रहा युवक हादसे में जख्मी, रैफर



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अगस्त।** सरायछौला क्षेत्र के बंधा गांव के पास गुरूवार की दोपहर बाइक सवार एक युवक रोड एक्सीडेंट में जख्मी हो गया। हादसे के वक्त युवक अपने बच्चों को स्कूल से लेने जा रहा था। जानकारी के अनुसार ग्राम बदना का पुरा निवासी दिलीप कुशवाह 25 पुत्र होतम सिंह कुशवाह गुरूवार की दोपहर बच्चों को लेने के लिए बाइक लेकर उनके स्कूल जा रहा था।

**सरायछौला क्षेत्र में बंधा गांव के पास हुआ हादसा**

इसी दौरान बंधा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दिलीप घायल हो गया। दिलीप को गंभीर हालत में जेएएच ग्वालियर रैफर किया गया है।

# ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाए : कांग्रेस

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अगस्त।** ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ जल्द दिए जाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरूवार को नवीन कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।

कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, जौरा विधायक पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गुरूवार की दोपहर नवीन कलेक्ट्रेट भवन पहुंचें। जहां उनके द्वारा कलेक्ट्रेट के मेन गेट



**मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन**

पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 8 मार्च 2019 को तत्कालीन मप्र सरकार ने अध्यादेश लाकर ओबीसी केटेगरी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था। जिसे एक छात्रा ने न्यायालय में चुनौती दी। कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद सरकार ने संशोधन अधिनियम पारित किया।

जिसे लेकर वर्तमान में आधा सैकड़ा से अधिक याचिकाएं सुको में लंबित है। मप्र सरकार द्वारा इस आरक्षण के मामले में जारी अधिसूचना कानून के विपरीत है।

ज्ञापन में कांग्रेस ने इस अधिसूचना को वापस लिए जाने की मांग की है। जिससे ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल सके।

**प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने वालों में यह कांग्रेसजन रहे शामिल**

सुभाष सिकरवार, ननि सभापति राधारमण डंडौतिया, जितेन्द्र डंगस, नजमा बेगम, हरीराम पचौरिया, उमाचरण कटारे, अब्दुल रज्जाक पटेल, राजकुमार सिकरवार, श्रीचंद्र उपाध्याय, मनीष उपाध्याय,रामू टुंडेलकर, रहीस खान, अब्दुल रहमान, लोकेंद्र यादव, इकबाल, साहिल, अजय जाटव आदि प्रदर्शन में शामिल थे।

# कला उत्सव में विद्यार्थियों ने किया कला कौशल का प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अगस्त।** शासकीय मॉडल उमावि मुरैना में जिलास्तरीय कला उत्सव का आयोजन बीते रोज हुआ।

**शासकीय मॉडल उमावि में जिलास्तरीय कला उत्सव आयोजित**



कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षाधिकारी ने किया। कार्यक्रम में सहायक संचालक सुश्री वर्षा कोली, गिर्राज परिहार विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने किया।

कला उत्सव में निर्णायक मंडल में रूपेन्द्र तोमर, रामभोग शर्मा, नंदकिशोर पलिया, राजेन्द्र सोनी शामिल थे। इस मौके पर जिला शिक्षाधिकारी ने कहा कि कला उत्सव का मंच विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का माध्यम बनेगा। सहायक संचालक सुश्री वर्षा कोली ने कहा कि कला उत्सव के माध्यम से विद्यार्थी न केवल अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करते हैं बल्कि इसके साथ ही उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक व राष्ट्रीय चेतना का भी विकास होता है। कला उत्सव में जिले के अंबाह, मुरैना, कैलारस एवं सबलगढ़ विकासखंडों के आधा सैकड़ा से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# चैकिंग के दौरान विद्युत चोरी करते 12 उपभोक्ता पकड़े

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 28 अगस्त।** बिजली विभाग द्वारा कस्बा जौरा में चैकिंग अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। अब तक दिन में

**4 लाख 7 हजार वसूले**

चलने वाले चैकिंग अभियान अब रात में भी शुरू हो गया है। बुधवार की रात को टीम ने जांच के दौरान 5 उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। तो वहीं गुरूवार की दोपहर चैकिंग के दौरान 7



उपभोक्ता मेन लाईन को बायपास कर विद्युत चोरी करते हुए पकड़े गए। इन सभी के विरुद्ध विद्युत चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए है।

27 अगस्त की रात को एई पीएस यादव, जेई मुकेश मिश्रा के निर्देशन में चैकिंग अभियान अभियान चलाया गया। वहीं 28 अगस्त की दोपहर कस्बे में एमएस रोड, द्वारिकापुरी, कृष्ण मंदिर रोड, बनिया पाड़ा, डाकखाना रोड, ऑफिसर कॉलोनी आदि क्षेत्रों में चैकिंग की गई। इस दौरान बिलों की राशि जमा न करने पर 35 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। तो वहीं बकायादारों से 4 लाख 7 हजार रूपये की राशि वसूली गई। टीम में बृजमोहन धाकड़, मनोज जाटव, हरिओम कुशवाह, पानसिंह गुर्जर, पवन श्रीवास्तव, ऋषिकेष कुशवाह, घनश्याम सिकरवार, अमरकांत शर्मा, मनोज सविता, चंद्रकांत शामिल थे।

## पांच आदतन अपराधी जिलाबदर घोषित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मुरैना ने पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के प्रस्ताव पर 5 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है, इन आदतन अपराधियों पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीबद्ध है। जिन 5 आदतन अपराधियों को जिलाबदर घोषित किया है, उनमें मनीष पुत्र ऊदल सिंह गुर्जर नि. ग्राम भत्तपुरा अंबाह, शिवनाथ शर्मा पुत्र विश्वनाथ शर्मा नि. सेंथरा अहीर पोरसा, नजर खान पुत्र नौशे खान निवासी जौरा, हरेन्द्र उर्फ कल्लनिया पुत्र रामअख्तयार गुर्जर नि. ग्राम माताबसैया, राहुल उर्फ कल्लू पंडित पुत्र रामसेवक उपाध्याय नि. ग्राम बड़फरा हाल रामनगर मुरैना शामिल है। इन अपराधियों जिला मुरैना एवं निकटवर्ती जिले ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर एवं शिवपुरी की सीमा से 1 वर्ष की अवधि के लिये बाहर चले जाने के आदेश दिए गए है।

## पोरसा में आज होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**मुरैना/पोरसा, 28 अगस्त।** समाजसेवियों के तत्वावधान में कस्बा पोरसा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज 29 अगस्त को किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9 बजे से स्थानीय नागाजी धर्मशाला में आयोजित होगा। समाजसेवी आलोक गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, अमित गुप्ता ने नागरिकों से शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

# डम्पर ने स्कूटी को टक्कर मारी, बेटे की मौत, मां ग्वालियर रैफर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अगस्त।** एक्टिवा सवार दंपत्ति और पांच साल के मासूम

**एनएच-44 हाईवे पर सिविल लाईन थाना क्षेत्र में हुआ हादसा**

बच्चे को बेकाबू डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे की मौत हो गई। जबकि उसकी मां को गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है।



हादसा एनएच-44 हाईवे पर धौलपुर साइड में काका ढाबा के पास होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्वालियर निवासी शाकिर खान (30) गुरूवार को पत्नी रूबीना खान (27) और पुत्र आरिस खान (5) के साथ एक्टिवा पर सवार होकर ग्वालियर से धौलपुर स्थित दरगाह पर जाने के लिए निकला था। एनएच-44 हाईवे पर जब शाकिर अपनी पत्नी और बच्चे के साथ बैरियर चौराहा पर बने फ्लाईओवर को पार करने के बाद धौलपुर की ओर बढ़ रहा था। तभी काका ढाबा के पास एक बेकाबू डंपर ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में एक्टिवा पर सवार रूबीना और पांच वर्षीय आरिस बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां आरिस की मौत हो गई। जबकि गंभीर हालत के चलते रूबीना को ग्वालियर रैफर कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।






# हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित, विजेता टीमों को भेंट की ट्रॉफी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अगस्त।** सीबीएसई की बेस्ट जोन हैंडबॉल प्रतियोगिता का 28 अगस्त को

**टीएसएस स्कूल में हुआ आयोजन, खिलाड़ियों को दिए गए मेडल**

समापन हो गया। यह प्रतियोगिता 24 से 28 अगस्त तक टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल में हुई। आयोजन के समापन के अवसर पर विजेता टीमों को ट्रॉफी भेंट की गईं तो वहीं खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए।

समापन अवसर पर सीबीएसई के ऑब्जर्वर राजकुमार सेंगर, स्कूल के डायरेक्टर सुरेंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, प्राचार्य श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, स्पोर्ट्स टीचर राजेंद्र सिंह मौजूद रहे। गुजरात-राजस्थान एवं मप्र के बेस्ट स्कूलों की टीम में शामिल खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं टीचरों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की।

**बालिका वर्ग में यह रहे विजेता और उपविजेता**

गर्ल्स अंडर- 14 सवाई भवानी सिंह जयपुर विजेता, सवाई मानसिंह जयपुर फर्स्ट रनरअप, प्रिंस इंटरनेशनल झुंझनू, नौसेगे स्कूल श्रीगंगानगर सेकंड रनरअप रहे। अंडर-17 में मुस्कान पब्लिक अशोकनगर मप्र विजेता, जैन नवयुवक मंडल वापी गुजरात फर्स्ट एवं सेंट एंथनी उदयपुर, सवाई मानसिंह जयपुर सेकंड रनरअप रहे। अंडर-19 में सवाई भवानी सिंह जयपुर विजेता, नौसेगे स्कूल गंगानगर फर्स्ट एवं सीशोमू स्कूल डूंगरगढ़ बीकानेर, झुंझनू एकेडमी सेकंड रनरअप रहे।

**जानिए, बालक वर्ग में कौन रहा विजेता, उपविजेता :** अंडर-14 बॉयज में केशवानंद सीकर की टीम विजेता रही। नवयुवक मंडल वापी गुजरात फर्स्ट रनरअप और बृजभूमि मोगर गुजरात, सीशोमू डूंगरगढ़ बीकानेर सेकंड रनरअप रहे। अंडर-17 में मुस्कान पब्लिक अशोकनगर मप्र विजेता, सेंट एंथनी उदयपुर फर्स्ट रनरअप, सवाई मानसिंह जयपुर, प्रिंस इंटरनेशनल झुंझनू सेकंड रनरअप रहे। इसी प्रकार अंडर-19 में सीशोमू डूंगरगढ़ बीकानेर विजेता, आर्मी पब्लिक स्कूल सागर मप्र फर्स्ट रनरअप, पोद्दार वल्ड स्कूल बड़ोदरा, माहेश्वरी स्कूल जयपुर सेकंड रनरअप रहे।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें : मंत्री कंषाना

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अगस्त।** भारतीय मजदूर संघ की स्थानीय इकाई एवं पर्यावरण मंच के तत्वावधान

**मजदूर संघ ने अमृतादेवी विश्नोई के बलिदान दिवस पर किया वृक्षारोपण**

में गुरूवार को अमृतादेवी बलिदान दिवस के मौके पर रेस्ट हाऊस परिसर में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में मप्र के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना मुख्य रूप से उपस्थित थे।

श्री कंषाना ने पौधारोपण करने के बाद कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण कर अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित थी। मजदूर संघ के विभाग प्रमुख बृजराज डण्डौतिया ने अमृतादेवी विश्नोई के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सुश्री ज्योति कदम एवं आभार प्रदर्शन दिलीप पाठक ने किया। इस मौके पर भावना जालौन, बसंत पुरोहित, देवेन्द्र शर्मा, सरिता कुशवाह, डॉ. राघवेन्द्र तोमर, चंद्रभानु दुबे, सुरेश शर्मा, आशाराम पाठक, ललिता शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, अशोक तिवारी, विजय सिंह सिकरवार आदि उपस्थित थे।

